भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 279

(जिसका उत्तर सोमवार, 05 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है)

**भारत-ब्रिटेन अवसंरचना वित्त सेतु**

**279. श्री मनोज कोटक:**
**श्री तापिर गाव:**
**श्री प्रदीप कुमार सिंह:**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत-ब्रिटेन अवसंरचना वित्त सेतु के लक्ष्यों और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या हैं;

(ख) क्या इस सहयोगात्मक पहल के परिणामस्वरूप देश में दीर्घकालिक विकास होने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह पहल किस प्रकार से भारत की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को समर्थन देंगी?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) भारत-ब्रिटेन अवसंरचना सेतु के लक्ष्य और उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

i. भारतीय संधारणीय अवसंरचना में अंतरराष्ट्रीय निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाने के तरीके सुझाना।
ii. भारत में संधारणीय अवसंरचना के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, परियोजनाओं की चिन्हित शेल्फ के लिए संरचित व्यवस्था प्रदान करना।
iii. संधारणीय अवसंरचना परियोजनाओं पर ज्ञान और सर्वोत्तम पद्धतियों को विकसित करने की दिशा में मिलकर काम करना और यह निर्धारित करना कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए निवेश योग्य और आकर्षक कैसे बनाया जा सकता है।

(ख) से (घ): जी, हां। इस पहल का उद्देश्य नवोन्मेषी वित्तपोषण प्रणाली के माध्यम से अवसंरचना परियोजनाओं का निर्माण करना है, जिससे भारत में राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन सहित अवसंरचना परियोजनाओं में निवेश बढ़ाया जा सके।

******